सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

कार्य परिषद् की बैठक

दिनांक - 28.02.2021
समय अपराह्ण - 1:00 बजे से
स्थान - योग साधना केन्द्र

उपस्थिति

1- प्रो॰ राजाराम शुक्ल, कुलपति- अध्यक्ष

2-	प्रो॰ रमेश प्रसाद	**3-**	प्रो॰ जितेन्द्र कुमार
4-	प्रो॰ राजनाथ	**5-**	प्रो॰ हरिप्रसाद अधिकारी
6-	डा॰ दिनेश कुमार गर्ग	**7-**	डा॰ शरद कुमार नागर
8-	डा॰ विद्या कुमारी चन्द्रा	**9-**	वित्ताधिकारी
12-	कुलसचिव - सचिव		

मंगलाचरण- प्रो॰ हरिप्रसाद अधिकारी

सर्वप्रथम कुलपति महोदय ने सभी सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए कार्यपरिषद् की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की।

कार्यक्रम - **38वें दीक्षान्त समारोह के अवसर पर मानद उपाधि एवं स्नातकों को उपाधि तथा पदक प्रदान करने की संस्तुति पर विचार।**

सर्वप्रथम कुलपति महोदय ने कार्यपरिषद् को सहर्ष अवगत कराया कि माननीय कुलाधिपति महोदया ने इस वर्ष 38वे दीक्षांत समारोह के अवसर पर प्रख्यात वैयाकरण, पद्मश्री अलंकरण से सम्मानित **आचार्य रामयत्न शुक्ल** **पूर्व आचार्य सं.सं.वि.वि.वाराणसी** को **''महामहोपाध्याय''** की मानद उपाधि प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की है।

कुलपति महोदय के उपर्युक्त सूचना से अवगत होते हुए, कार्यपरिषद् ने उपर्युक्त सम्मानित विद्वानों को ''मानद उपाधि'' प्रदान करने की अपनी सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

तत्पश्चात् कार्यपरिषद् को अवगत कराया गया कि परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 28.02.2021 की संस्तुति के सातत्य में 38वें दीक्षान्त समारोह के अवसर पर सत्र 2019-2020 में उत्तीर्ण स्नातकों (स्नातक/स्नातकोत्तर) को उपाधि पत्र प्रदान किया जायेगा। अद्यतन उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या निम्न है, जिसमें कुछ परिवर्तन भी हो सकता है-

विश्वविद्यालय के 37वें दीक्षान्त महोत्सव में उपाधि प्रदान किये जाने वाले छात्रों की कक्षावार संख्या

2020 वर्षीय उपाधियों/प्रमाणपत्रों की संख्या - सारांश

क्रम	पाठ्यक्रम/कक्षा	छात्र	छात्राएं	कुल स्नातक
1	प्रथमा			
2	पूर्व मध्यमा	65	2	67
3	उत्तर मध्यमा	569	206	775
4	शास्त्री	446	154	600
5	आचार्य वार्षिक प्रणाली	5522	5310	10832
6	आचार्य चतुर्थ सेमेस्टर	168	100	268
7	शिक्षा शास्त्री	2617	1717	4334
8	पुरातत्व एवं संग्रहालय	186	52	238
9	पत्रकारिता एवं जनसंचार विज्ञान स्नातकोत्तर	13	8	21
10	ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान शास्त्री	24	6	30
11	शिक्षाचार्य	27	4	31
12	संस्कृत प्रमाणपत्रीय	--	--	
13	आयुर्वेदाचार्य	1	0	1
14	एम.डी/एम.एस (आयुर्वेद)	8	8	16
15	विद्यावारिधि	9	6	15
16	विद्यावाचस्पति	11	5	16
		--	--	
	सम्पूर्ण योग			17244
		छात्र	छात्राएं	कुल स्नातक
	स्नातक स्तर पर छात्र एवं छात्राओं की कुल संख्या	5743	5374	11117
	स्नातक स्तर पर छात्र एवं छात्राओं का प्रतिशत	51.66	48.34	
	स्नातकोत्तर स्तर पर छात्र एवं छात्राओं की कुल संख्या	2818	1829	4647
	स्नातकोत्तर स्तर पर छात्र एवं छात्राओं का प्रतिशत	60.64	39.36	
	38वें दीक्षान्त महोत्सव पर अर्ह स्नातकों/स्नातिकाओं को प्रदान करने वाले पदकों का विवरण	छात्र	छात्राये	कुल पदक
	प्रदान किए जाने वाले पदकों की कुल संख्या	--	--	57
	पदक प्राप्तकर्त्ता कुल स्नातकों की संख्या	24	5	29
	प्रदान किए जाने वाले पदकों मे छात्र एवं छात्राओं का प्रतिशत	82.76	17.24	

साथ ही कार्यपरिषद् को यह भी सूचित किया गया कि दीक्षान्त महोत्सव के अवसर पर कुल 57 पदक 29 मेधावीं छात्रो को प्रदान किए जाएगे।

कार्यपरिषद् को यह भी सूचित किया गया कि विद्या परिषद् ने अपनी बैठक दिनांक 28.02.2021 में "महामहोपाध्याय की मानद उपाधि" एवं सत्र 2019-20 में उत्तीर्ण स्नातकों को उपाधि तथा मेधावी 29 छात्रों को 57 पदक प्रदान करने की संस्तुति प्रदान की है।

विचार-विमर्श के अनन्तर कार्यपरिषद् ने विद्यापरिषद् की बैठक दिनांक 28.02.2021 की संस्तुति पर स्वीकृति प्रदान करते हुए सम्मानित विद्वान को "महामहोपाध्याय की मानद उपाधि" एवं सत्र 2019-20 में उत्तीर्ण स्नातको को उपाधि पत्र एवं 29 मेधावी छात्रों को 57 पदक प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की।

अंत में माननीय अध्यक्ष महोदय ने सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभा विसर्जन करने की घोषणा की।

कुलसचिव
सं.सं.वि.वि.,वाराणसी

E:\Word\kp\2021\28.02.2021